तापमान

अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

# हरिभूमि रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 19 अप्रैल 2026

4 खरीफ सीजन चालू होने से पहले जिले में शुरु हो गया अवैध खाद भंडारण





## बिना बिजली सिंचाई से बदली तस्वीर, गांव से लेकर खेतों तक पहुंचा पानी


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जहां कभी गर्मी के दिनों में गांव का तालाब पूरी तरह सूख जाता था और ग्रामीणों को पानी के लिए जूझना पड़ता था, वहीं आज जल उपलब्धता की नई कहानी लिखी जा रही है। यह सब संभव हो सका है ग्राम चपले में मांड नदी पर निर्मित एनीकट में जल प्रबंधन का एक सफल मॉडल से। हाइड्रोपंपिंग तकनीक के माध्यम से बिना बिजली के पानी को गांव तक पहुंचाने की यह पहल न सिर्फ तकनीकी दृष्टि से अनूठी है, बल्कि ग्रामीण जीवन में सकारात्मक बदलाव का सशक्त उदाहरण भी बन गई है। चपले एनीकट में संग्रहित मांड नदी के जल का सुनियोजित उपयोग करते हुए टरबाइन आधारित हाइड्रोपंपिंग प्रणाली विकसित की गई है। इस प्रणाली के तहत एनीकट में उपलब्ध 280 लीटर प्रति सेकंड जल में से लगभग 23 लीटर प्रति सेकंड जल को पंप कर करीब एक किलोमीटर दूर स्थित गांव के तालाब डिस्ट्रीब्यूशन टैंक तक पहुंचाया जा रहा है। विशेष बात यह है कि पूरी प्रक्रिया बिना बिजली के संचालित हो रही है। जिससे ऊर्जा की बचत के साथ साथ संचालन लागत में भी कमी आई है। इस परियोजना के तकनीकी पक्ष को मजबूत बनाने में भारतीय विज्ञान संस्थान बंगलुरु का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। संस्थान के प्रोफेसर पुनीत सिंह के मार्गदर्शन में टरबाइन पंप का डिजाइन तैयार किया गया, जिसने इस योजना को व्यवहारिक और प्रभावी बनाने में अहम भूमिका निभाई।

**खास बात**

- हाइड्रोपंपिंग तकनीक से सूखा तालाब फिर होगा लबालब, किसानों के चेहरे खिले

**भारतीय विज्ञान संस्थान बेंगलुरु के सहयोग से अभिनव पहल**



### कलेक्टर की मॉनिटरिंग

कलेक्टर के नेतृत्व में इस कार्य की निरंतर मॉनिटरिंग की गई। साथ ही बंगलुरु के प्रोफेसर पुनीत सिंह तथा जल संसाधन संभाग रायगढ़ के कार्यपालन अभियंता होमेश नायक सहित अन्य अधिकारियों द्वारा समय समय पर स्थल निरीक्षण कर गुणवत्ता और प्रगति सुनिश्चित की गई। यही कारण है कि यह योजना निर्धारित समय में सफलता के साथ पूर्ण हो सकी। इस पहल का सीधा लाभ अब गांव के किसानों और ग्रामीणों को मिल रहा है। जहां पहले खेत सूखे रह जाते थे और फसल उत्पादन प्रभावित होता था, वहीं अब सिंचाई की बेहतर व्यवस्था से किसानों में नई उम्मीद जगी है।

## खबर संक्षेप

### ऋषभ का घरघोड़ा आगमन पर स्वागत

**घरघोड़ा।** वर्ल्ड वाइड सुपर लीग इंटरनेशन ताइक्वांडो चैंपियनशिप सीजन 2 का आयोजन जयपुर राजस्थान में 10 अप्रैल से 12 अप्रैल तक रहा। इस प्रतियोगिता में घरघोड़ा से ऋषभ सिंह ने फाइनल में नेपाल को हरा कर गोल्ड मेडल अर्जित कर 18 अप्रैल को निवास स्थान घरघोड़ा पहुंचने पर कारगिल, स्तंभ चौक पर फूल माला एवं आतिशबाजी के साथ उनका भव्य स्वागत मनमोहन सिंह ठाकुर एवं श्याम भोजवानी, रितेश शर्मा के अगुवाई में स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अविनाश सिंह, राजेंद्र आहूजा, हिमालयश्वर महंत, संजय, शंकर आदि की उपस्थि रही।

### कर्मचारी के सूने मकान में चोरी, अपराध दर्ज

**रायगढ़।** खरसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंचाई कॉलोनी निवासी सिंचाई विभाग में कम्प्यूटर ऑपरेटर के सूने मकान में चोरी के मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध करते हुए मामले को विवेचना में लिया है। इस संबंध में स्नेहा बघेल, पिता जीसी बघेल 26, कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन सर्वेक्षण एवं बैराज निर्माण सभाग क्रमांक 01. खरसिया में डाटा एन्ट्री आपरेटर के पद पर कार्यरत है। वह तहसील रोड मदनपुर मांड सिंचाई कालोनी स्थित आवास गृह क्र. जी-5 में निवास करती है। बीते 12 अप्रैल को वह अपने घरेलू काम से बिलासपुर गई थी और 16 अप्रैल को सुबह करीब 9.30 बजे घर पहुंची। किंतु मेन गेट के लगा ताला टूटा देख उसे समझते देर न लगी कि घर में चोरी हुई है। घर के भीतर जाकर देखी तो पता चला कि घर में रखा सामान गायब थे। चोरी गए सामान की कीमत 18 हजार आंकी गई है।

### युवती से छेड़छाड़, 5 आरोपियों पर अपराध दर्ज

**रायगढ़।** लैलूंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाली युवती से 5 लोगों द्वारा रास्ता रोक छेडछाड करने के मामले में पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। इस संबंध में पीडिता ने बताया कि उसके माता-पिता रोजी मजूदरी करते है। बीते 07 जुलाई 2025 को वह रोज की भांति खेत में काम करने अकेली गई थी। इसी बीच करीब 11 बजे जब वह काम खत्म कर वापस अपने घर आ रही थी, तभी भुखरा टेपरी के पास ग्राम दियागढ निवासी हरिराम यादव, सोनाधर यादव, मदन सिदार, मनोज सिदार, अभिलाल सिदार एवं दशरथ यादव ने अचानक रास्ते में उसे रोक लिया और लज्जा भंग करने की नीयत से छेडछाड करने लगे। जब पीडिता ने उनका विरोध किया तब आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उसे जान से मारने की धमकी तक की। ऐसे में वह किसी तरह वहां से अपनी जान बचाकर भागकर घर आ गई । अगले दिन पीडिता ने अपने माता-पिता को इस घटना के बारे में बताया। आरोपियों के साथ अन्य ग्रामीणों द्वारा डराने धमकाने की वजह से वह अपने परिजन के साथ गेरवानी आकर रहने लगी। इसी बीच उन्होंने थाने पहुंच कर इस मामले की शिकायत दर्ज कराई। पीडिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 126,76,351(3),3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### बिना अनुमति छुट्टी नहीं ले सकते अधिकारी-कर्मचारी

**रायगढ़।** भारत सरकार, गृह मंत्रालय के अधीन महारजिस्ट्रार कार्यालय के निर्देशानुसार जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 01 मई से 30 मई तक निर्धारित किया गया है। इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को जिले में व्यवस्थित एवं समयबद्ध रूप से संपन्न कराने के लिए कलेक्टर द्वारा आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार, जनगणना कार्य में संलग्न अधिकारी एवं कर्मचारियों को अवकाश लेने से पूर्व कलेक्टर से अनुमोदन प्राप्त करना आवश्यक होगा।

### शहर में ही पांच हजार से पार हो गया बैकलॉग, उपभोक्ताओं की बढ़ी परेशानी

## डीएसी के बाद भी नहीं हो रही है होम डिलीवरी, लोड नहीं मिलने का दे रहे हवाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बुकिंग के बाद डीएसी नंबर तो तत्काल मिल रहा है, लेकिन डिलीवरी नहीं मिल पा रही है। हालात यह है कि दिनों-दिन जहां उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ती जा रही है। वहीं शहर में ही पांच हजार से अधिक का बैकलॉग पार हो चुका है। एजेंसी संचालक लोड़ नहीं मिलने का हवाला दे रहे हैं। हालांकि एजेंसियों में लंबी लाइन नजर तो नहीं आ रही है, लेकिन इंतजार लंबी हो रही है।

गैस सिलेंडर की मारामारी मची हुई है। बुकिंग समय बढ़ाने से कुछ राहत मिलने की बात कही जा रही थी, लेकिन यही अब परेशानी का कारण बनते जा रहा है। बुकिंग के बाद डीएसी नंबर तो तत्काल मिल जाता है, लेकिन होम डिलीवरी बंद कर दी गई है। वहीं एजेंसी में मिलेगी इसकी गारंटी नहीं रहती है। एक लोड सिलेंडर आ रहा है, इससे लोगों की मांग पूरी नहीं हो पा रही है। इसके कारण दिनों दि5 बैकलॉग की संख्या बढ़ रही है। मार्च के आखिरी सप्ताह में जो बैकलॉग तीन हजार के आसपास था। वहीं यह बढ़कर अब पांच हजार से पार हो चुका है। याने उपभोक्ताओं को किसी तरह की राहत नहीं मिल पा रही है। यहां हर दिन एक लोड ही आ रही है। उसमें कभी 504 तो कभी 305 सिलेंडर आती है। इससे दो गुनी बुकिंग हो रही है। इसके कारण बैकलॉग की स्थिति सुधर नहीं रही है। उज्जवला उपभोक्ता 45 दिन, डबल सिलेंडर 35 और सिंगल सिलेंडर 25 दिन में बुक कर सकते हैं। इस तरह केटेगरी तो तय कर दी गई है, लेकिन इसका भी कोई फायदा नहीं मिल रहा है।



**ऐसे है जिले में कनेक्शन की संख्या**

| | |
|---|---|
| सिंगल | 56279 |
| डबल | 66949 |
| व्यावसायिक | 1235 |
| उज्जवला | 234501 |

**लंबी लाइन की स्थति तो नहीं, लेकिन इंतजार लंबी**

### एक्टीवेट कराने वालों की लगी लाइन

इस पूरे मामले में एक बात दिलचस्प यह है कि सालों से जो कनेक्शन निष्क्रिय था उसे अब लोग एक्टीवेट करा रहे हैं। हालात यह है कि नियमित उपभोक्ताओं से ज्यादा इन उपभोक्ताओं की लाइन लंबी हो जाती है। एक्टीवेट होने के तुरंग बाद उपभोक्ता सिलेंडर बुक करा रहे हैं। इसके कारण ग्राहकों की संख्या भी अचानक से बढ़ गई है। वहीं बुकिंग का रेसियो भी पहले की तुलना में काफी बढ़ने की बात कही जा रही है।

### अब तो मिल रहा कमर्शियल

एक महीने पहले तक कमर्शियल गैस सिलेंडर तो मिल ही नहीं रहा था। अब इसमें कुछ राहत मिली है। कमर्शियल सिलेंडर की डिलीवरी भी अब होटल और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को मिल रही है। हालांकि जितनी जरुरत है उतनी सिलेंडर की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। ऐसे में कमर्शियल का भी लोगों को इंतजार करना ही पड़ रहा है।

## जमीन विवाद में टांगी से हत्या, आरोपी को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जमीन विवाद में हुई एक जघन्य हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायालय घरघोड़ा ने आरोपी को दोषी करार दिया और आजीवन कारावास की सजा सुनाई हैए साथ ही उस पर एक हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह मामला थाना तमनार क्षेत्र का है। मृतक मनबोध राठिया के पुत्र प्रेम साय राठिया द्वारा दर्ज रिपोर्ट में बताया गया कि 20 जनवरी 2021 को दोपहर के समय वह घर से बाहर काम पर गया हुआ था। उस दौरान घर में उसके पिता मनबोध राठिया, भतीजा हेम कुमार और अवंति राठिया मौजूद थे।

इसी बीच जमीन बिक्री को लेकर आरोपी सोनसाय राठिया और उसके पिता के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने गुस्से में आकर टांगी से उसके पिता के गले पर वार कर दियाए जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना तमनार पुलिस सक्रिय हुई और मामला दर्ज कर जांच शुरू की और पर्याप्त साक्ष्य जुटाते हुए आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। मामले की सुनवाई के दौरान प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी पाया और उसे उम्रकैद की सजा सुनाई। इसके साथ ही मृतक के आश्रितों को एक लाख रुपये की क्षतिपूर्ति देने की अनुशंसा भी की गई है।

## वेदांता हादसा, अस्पताल में भर्ती दो और श्रमिक की मौत



**मृतकों की संख्या हुई 23**

**रायगढ़/जांजगीर ।** सक्ती जिले के सिंघीतराई स्थित वेदांता थर्मल पावर प्लांट में बॉयलर फटने से हुए भीषण हादसे मे मृतकों की संख्या 21 से बढ़कर 23 पहुंच चुकी है। रायगढ़ अस्पताल में भर्ती दो और श्रमिकों की इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके अलावा शेष घायलों का अलग-अलग जगहों पर उपचार चल रहा है।

गौरतलब है कि सक्ती जिले के डभरा ब्लॉक अंतर्गत सिंघीतराई में संचालित वेदांता पावर प्लांट में मंगलवार 14 अप्रैल को दोपहर करीब तीन बजे भीषण हादसा हो गया था। यहां बॉयलर का प्रेशर पाइप अचानक फट गया था, इस दौरान घटना स्थल पर ही श्रमिकों की मौत हो गई और दो दर्जन से अधिक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद झुलसे श्रमिकों को किसी तरह बाहर निकाल कर खरसिया और रायगढ़ के अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए कुछ लोगों को बिलासपुर और रायपुर रिफर किया गया। घटना में अब तक मृतकों की संख्या 23 पहुंच चुकी है। मंगलवार तक 12 लोगों की मौत हुई थी, जबकि बुधवार को यह आंकड़ा 20 हो गया। शुक्रवार 17 अप्रैल को रायपुर में भर्ती एक श्रमिक की मौत हो गई, फिर 18 अप्रैल को मेडिकल कॉलेज रायगढ़ मैं भारती वेस्ट बंगाल के सुब्रतो जेना और कालड़ा अस्पताल रायपुर में भर्ती एक श्रमिक की मौत हो गई। इस तरह से हादसे में मरने वालों की संख्या 23जा पहुंची है। इधर बाकी के घायलों का उपचार चल रहा है।

### सेंट्रल की टीम पहुंची वेदांता दिन भर चली गहन जांच

सिंघीतराई स्थित वेदांता पावर प्लांट में हुए बॉयलर हादसे की जांच को लेकर सेंट्रल के अफसरों की टीम पहुंची। सेंट्रल पावर रिसर्च सेंटर के ज्वाइन डायरेक्टर के नेतृत्व में पहुंची टीम ने सुबह से शाम तक प्लांट परिसर का बारीकियों से निरीक्षण किया और प्रोडक्शन सहित मेंटेनेंस को लेकर पुराने डाटा खंगाले। हादसे की जांच के लिए केंद्रीय स्तर पर भी कमेटी का गठन किया गया है। जिसके तहत शनिवार 18 अप्रैल को सेंट्रल पावर रिसर्च सेंटर के ज्वाइंट डायरेक्टर प्रफुल्ल चंद्र डोंगरे के साथ आधा दर्जन से अधिक अफसरों की टीम वेदांता पावर प्लांट पहुंची। सुबह 10 बजे के करीब पहुंची अफसरों की टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया और पूरी सूक्ष्मता के साथ पाइपलाइन और प्लांट की मशीनरींयों का अवलोकन किया। इसके साथ ही टीम ने प्लांट के डाटा निकलवाए है। बताया जाता है कि पुराने डाटा के आधार पर तकनीकी जांच की जा रही है। वे सुबह से देर शाम तक प्लांट परिसर में रहे और एक-एक बिंदुओं पर गहन जांच की। दोपहर के वक्त सक्ती जिले के कलेक्टर अमृत विकास तोपनो, एडिशनल कलेक्टर वीरेंद्र लकड़ा और संबंधित अधिकारी भी प्लांट परिसर में पहुंचे। बताया जाता है की जांच टीम में ज्वाइन डायरेक्टर के साथ क्वालिटी एंड लेब के जनरल मैनेजर डीपी अन्तपुरकर, मड़वा पावर प्लांट के एडिशनल चीफ इंजीनियर आलोक लकड़ा सहित अन्य अधिकारी रहे। जांच की प्रक्रिया शाम के 7 बजे तक चली, इसके बाद वरिष्ठ अधिकारी सक्ती के लिए रवाना हुए। जबकि कुछ लोग डाटा एकत्र करते प्लांट में ही रुक रहे। सक्ती कलेक्टर अमृत विकास तोपनों ने बताया कि सेंट्रल से जांच कमेटी पहुंची थी। कमेटी सुबह कि संयंत्र परिसर में दाखिल हो गई,दोपहर के वक्त कलेक्टर प्लांट पहुंचे, टीम के साथ वे रहे हैं। शाम तक जांच प्रक्रिया चली। इसके बाद अधिकारियों के साथ में सक्ती लौटे हैं। अधिकारियों की टीम रविवार को लौटेगी। इसके बाद उनके द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा।

## ट्रेन में 2 महिला यात्रियों से 1.5 लाख के आभूषण सहित नकदी पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




अप्रैल महीने की शुरूआत में ही ट्रेने में दो महिला यात्रियों से आभूषण सहित नगदी की चोरी के मामले जीआरपी थाने में पंजीबद्ध किए गए हैं, लेकिन पखवाडे भर बाद भी ना तो आरोपियों की गिरफ्तारी हो सकी है और ना ही चोरी गए आभूषण मिल सके हैं।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते 3 अप्रैल को नेताजी सुभाष चंद्र बोस टाटानगर एक्सप्रेस में शहजाद अहमद शेख पिता शेख युसूफ 36 निवासी शिवनगर, माजरी रोड, नागपुर अपनी पत्नी शबाना परवीन के साथ रायगढ अपने भांजे की शादी में शामिल होने के लिए एस-3 में सफर कर रहे थे। उसकी पत्नी अपने साथ एक पिट्ठू बैग रखी थी। जिसमें 6 हजार 500 रूपए नगद और सोने-चांदी के आभूषण थे।

उसकी पत्नी रात्रि में बैग को अपने सिरहाने रख कर सो गई। रात्रि में शहजाद की नींद खुली और वह लघुशंका के लिए बाथरूम गया, तब तक उसकी पत्नी के सिरहाने में बैग रखा हुआ था। किंतु जब शहजाद बाथरूम से अपनी बर्थ पर वापस आया तब तक बैग वहां से गायब था। ऐसे में उसने अपनी पत्नी को नींद से जगाया और बैग के बारे में पूछा, लेकिन उसकी पत्नी इतने गहरे नींद में थी उसे बैग के गायब होने की भनक तक नहीं लगी। इस जब ट्रेन रायगढ पहुंची तो उन्होंने जीआरपी थाने पहुंच कर बैग चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। इस बैग में कान की बाली 3 ग्राम, गले का हार 4 ग्राम, कान का ईयरिंग 5 ग्राम नगदी रकम 6500 रूपए, चार्जर सहित अन्य सामान रखे थे। चोरी गए आभूषण व सामान की कीमत 67 हजार रूपए आंकी गई है। इसी तरह बीते 12 अप्रैल को बिलासपुर करगीरोड निवासी लक्ष्मी बाई थवाईत पति रामअवतार थवाईत 52 सक्ती से करगीरोड जाने के लिए उत्कल एक्सप्रेस के जनरल कोच में चढ़ते समय अज्ञात आरोपी ने लेडिस पर्स के अंदर रखे दो पर्स को चोरी कर लिया। जब महिला ट्रेन के भीतर गई, तब उसे एहसास हुआ कि लेडिस के अंदर रखे दोनों पर्स गायब है। इस पर्स में सोने की एक जोडी आईरिंग 05 ग्राम, सोने का पत्ती 05 नग 05 ग्राम, एक सोने का नेकलेश 6.04 ग्राम तथा दूसरे पर्स में नगद 10 हजार रूपए रखे थे। उक्त दोनों पर्स से चोर ने नगद सहित 98 हजार रूपए के आभूषणों की चोरी कर ली।

### बीट प्रणाली पर दिया जोर, लंबित मामलों पर जताई नाराजगी

## थानों में कई मामले तीन महीने से अधिक पेंडिंग, एसएसपी नाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को लेकर एसएसपी शशि मोहन सिंह ने समीक्षा बैठक ली। बैठक के दौरान कई थानों में कई मामले तीन महीने से अधिक समय से पेंडिंग होने की स्थिति में एसएसपी ने नाराजगी जाहिर की। अब ऐसे थानेदारों को इसका जवाब भी देना पड़ेगा। इनको नोटिस जारी होगी। बैठक में राजपत्रित अधिकारी, थाना चौकी प्रभारी और शाखा प्रमुख शामिल हुए। इस दौरान गंभीर अपराधों के त्वरित निपटारे, लंबित प्रकरणों में तेजी और जवाबदेही तय करने पर विशेष जोर दिया गया।

एसएसपी ने समीक्षा बैठक में स्पष्ट रूप से जुआ, सट्टा, अवैध शराब, कबाड़ तथा संगठित अपराधों पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने के निर्देश दिए। वहीं तीन माह से अधिक लंबित शिकायतों पर नाराजगी जताते हुए 20 से ज्यादा लंबित मामलों वाले थाना प्रभारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में ऑनलाइन पोर्टल, नेटग्रिड, मेडिकल रिपोर्ट और न्यायालयीन प्रक्रियाओं के अधिकतम उपयोग पर जोर दिया गया। जनजागरूकता अभियान चलाने और गांव-गांव चौपाल लगाकर समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए गए। बीट प्रणाली को मजबूत करने पर विशेष ध्यान देते हुए एसएसपी ने कहा कि हर गांव में बीट आरक्षक की पहचान होनी चाहिए और थाना प्रभारी स्वयं शिकायतकर्ताओं की बात सुनें।

**खास बात**

- अब इन थानेदारों को देना होगा जवाब, जारी होगी नोटिस



### 26 ब्लैक स्पॉट, सुधार के निर्देश

सड़क दुर्घटनाओं को लेकर भी बैठक में गंभीर मंथन हुआ। जिले के 26 ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर सुधार कार्य तेज करने और ब्रीथ एनालाइजर व सड़क इंजीनियरिंग के माध्यम से मृत्यु दर कम करने का लक्ष्य तय किया गया। समीक्षा बैठक में ऑपरेशन आघात, प्रहार, अंकुश, तलाश और मुस्कान जैसे अभियानों की समीक्षा करते हुए बेहतर प्रदर्शन करने वाले थाना चक्रधरनगर और कोतवाली को प्रोत्साहित किया गया।

### ट्रेन से यात्री का मोबाइल पार, अपराध दर्ज

**रायगढ़।** कोतरा रोड निवासी युवक भुवनेश्वर से रायगढ आने के लिए निकाला था, इसी बीच रेलवे स्टेशन भुवनेश्वर के यात्री प्रतिक्षालय में ट्रेन का इंतजार करते हुए उसकी आंख लग गई, इसी बीच किसी अज्ञात चोर ने उसकी जेब में रखा मोबाइल पार कर दिया। इस संबंध में भारत मिश्रा पिता नारायण दास मिश्रा 23 निवासी जेएसपीएल हिल व्यू कालोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह भुवनेश्वर के प्राक मार्ट में ऑपरेशन टीम में कार्यरत हैं और दमना पटिया चौक थाना चन्द्रशेखर नगर में किराए में रहता है। बीते 10 अप्रैल को वह अपने घर आने के लिए भुवनेश्वर रेल्वे स्टेशन के प्रतिक्षालय में ट्रेन का इंतजार कर रहा था, इसी बीच उसकी आंख लग गई और वह सो गया। जब रात करीब 2 बजे उसकी नींद खुली तब उसकी जेब से मोबाइल और एटीएम कार्ड गायब था।

## खबर संक्षेप

### पहाड़ी मंदिर का धूमधाम से मनाया गया 12वां स्थापना दिवस

**रामानुजगंज।** जिले के प्रमुख आस्था केंद्र पहाड़ी मंदिर का 12वां स्थापना दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया था और सुबह से ही विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत हो गई थी। कार्यक्रम के अंतर्गत सुंदरकांड पाठ, हवन-पूजन, आरती तथा भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मंदिर समिति के सुभाष जायसवाल ने बताया कि नगरवासियों के सहयोग से ही इसी दिन पहाड़ी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। नपा अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि यह मंदिर पूरे क्षेत्रवासियों के लिए प्रमुख आस्था का केंद्र है। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मधु गुप्ता ने स्थापना दिवस के अवसर पर सभी को माता रानी की पूजा-अर्चना के लिए एकत्रित होने पर खुशी जताई। वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय सोनी ने भी मंदिर के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। पूर्व पार्षद अशोक गौड़ ने कहा कि दुर्गम स्थान पर माता का मंदिर स्थापित होना पूरे क्षेत्र के लिए सौभाग्य की बात है। इस दौरान अमीरचंद गुप्ता, अजय गुप्ता, राधेश्याम केसरी, महेश अग्रवाल,लाडो जायसावल, अमित गुप्ता, रवि सोनी, लालमन सोनी, अशोक केसरी, दिलीप केसरी, अंजीत अग्रवाल, उमा शंकर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### बाजार में खरीदारी करने आए युवक की बाइक ले उड़े चोर

**सूरजपुर।** ग्राम पंपापुर साहू पारा निवासी संदीप साहू आ. गौरीशंकर साहू (21 वर्ष ) बुधवार को सूरजपुर साप्ताहिक बाजार में खरीदारी करने बाइक क्रमांक सीजी 16 सीजे 2052 से आया था। युवक बाइक को तालाब के समीप खड़ा कर बाजार में खरीदारी करने चला गया। कुछ समय बाद वापस लौटा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन करने के बाद भी जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

### सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराई बस, एक की मौत, कई यात्री घायल



**बिश्रामपुर।** अंबिकापुर-बनारस अंतरराज्यीय मार्ग पर गुरुवार की मध्यरात्रि एक भीषण सड़क हादसा हो गया। बिहार-झारखंड से अंबिकापुर आ रही रॉयल यात्री बस क्रमांक सीजी 06 जीवाई 0729 ग्राम कल्याणपुर नवापारा के पास सड़क किनारे खराब हालत में खड़ी ट्रक क्रमांक सीजी 07 सीजे 2971 से पीछे से टकरा गई। बताया गया कि ट्रक चालक द्वारा कोई भी सुरक्षा संकेत या चेतावनी चिन्ह नहीं लगाया गया था जिसके कारण घोर अंधेरा होने पर यह दुर्घटना घटित हुई। घटना रात करीब 11.30 से 11.45 बजे के बीच की बताई जा रही है। उस समय बस में सवार अधिकांश यात्री नींद में थे, जिससे चालक को खड़ी ट्रक का अंदाजा नहीं लग सका। तेज रफ्तार होने के कारण बस को नियंत्रित करना भी संभव नहीं हो पाया। हादसे में बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। दुर्घटना में दर्जनभर यात्री घायल हुए हैं जिनमें चार की हालत अत्यंत गंभीर बताई जा रही है। वहीं एक यात्री की मौत की खबर है। सूचना मिलते ही लटोरी और खड़गवां पुलिस की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बस से निकालकर अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बस को चौकी परिसर में खड़ा कर लिया है। बस में सवार अधिकांश यात्री पलामू जिले के छतरपुर, कल्याणपुर, बरगढ़, रामानुजगंज और भंडरिया क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं।

## ग्रामीणों को गांवों में मिल रही बैंकिंग सुविधाएं

# मुख्यमंत्री ने 375 अटल डिजिटल सुविधा केंद्र भवनों का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर





मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शनिवार को रणजीता स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम पंचायत स्तर पर नागरिक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 375 अटल डिजिटल सुविधा केंद्र भवनों का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, पद्मश्री जागेश्वर यादव, विधायक श्रीमती गोमती साय और श्रीमती रायमुनी भगत मौजूद रहे। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के तहत पंचायत स्तर पर बैंकिंग एवं डिजिटल सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को अब छोटे-छोटे कार्यों के लिए शहर या ब्लॉक मुख्यालय जाने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है। उन्होंने बताया कि इन अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों के माध्यम से ग्रामीण अब अपने गांव में ही बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं। इसमें पैसे निकालना, जमा करना तथा नए बैंक खाते खोलना भी सहज हो गया है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, पेंशन योजनाएं एवं आयुष्मान भारत कार्ड जैसी विभिन्न शासकीय योजनाओं के लिए अब ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया सरल और सुलभ हो गई है, जिससे अधिक से अधिक हितग्राही लाभान्वित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन केंद्रों की स्थापना से ग्रामीणों के समय और धन दोनों की बचत हो रही है। अब उन्हें शहर आने-जाने में होने वाले खर्च और समय की चिंता नहीं करनी पड़ती, जिससे उन्हें बड़ी राहत मिली है। उन्होंने यह भी कहा कि अटल डिजिटल सुविधा केंद्र ग्रामीणों को डिजिटल युग से जोड़ने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इससे न केवल डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल रहा है, बल्कि ग्रामीण आत्मनिर्भर भी बन रहे हैं। इसके साथ ही इन केंद्रों में बिजली एवं पानी के बिलों का भुगतान भी स्थानीय स्तर पर ही किया जा सकता है, जिससे आमजन को और अधिक सुविधा मिल रही है।

**ये रहे मौजूद:** इस अवसर पर छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह, छत्तीसगढ़ माटी कला बोर्ड अध्यक्ष शंभूनाथ चक्रवर्ती, छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार बेसरा, छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियंवदा सिंह जूदेव, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, नगर पालिका अध्यक्ष जशपुर अरविंद भगत, जनपद पंचायत अध्यक्ष जशपुर गंगाराम भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, जनपद पंचायत अध्यक्ष कुनकुरी सुशीला साय, प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग निहारिका बारीक, कमिश्नर नरेंद्र दुग्गा, पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार झा, आयुक्त मनरेगा तारन प्रकाश सिन्हा, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेंद सिंह, पीएमजीएसवाई के प्रमुख अभियंता केके कटारे, अधीक्षक अभियंता सोहन चंद्रा, कार्यपालन अभियंता सानुज घृतलहरे, जिला पंचायत और जनपद पंचायत सदस्यगण, सरपंचगण, कृष्ण कुमार राय, नरेश नंदे, ओमप्रकाश सिन्हा, मनीष अग्रवाल, मुकेश शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं भारी संख्या में लोग मौजूद थे।




# धरोहर पत्रिका के द्वितीय संस्करण का विमोचन

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रणजीता स्टेडियम में जशपुर के आदिवासी संस्कृति खान पान,रहन सहन,लोक नृत्य और पारंपरिक पकवानों पर आधारित समृद्ध सांस्कृतिक विरासत खान पान धरोहर पत्रिका के द्वितीय संस्करण का विमोचन किया। इस अवसर पर जशपुर विधायक रायमुनि भगत पत्थलगांव विधायक गोमती साय, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जुदेव, नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत नगर पालिका उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जुदेव सरगुजा कमिश्नर नरेन्द्र कुमार दुग्गा सरगुजा आईजी दीपक कुमार झा, कलेक्टर रोहित व्यास,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह, और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## ग्राम सरवानी में घर घर नल से बदली दिनचर्या, स्वास्थ्य और जीवन स्तर




**रायगढ़।** रायगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम सरवानी आज जल जीवन मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन से सकारात्मक बदलाव का सशक्त उदाहरण बनकर उभरा है। 297 घरों और 1203 की आबादी वाले इस ग्राम में 1 प्राथमिक शालाए 1 माध्यमिक शाला तथा 3 आंगनवाड़ी केंद्र संचालित हैं। कुछ वर्ष पूर्व तक ग्राम सरवानी जल संकट से जूझ रहा थाए जहां ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं को पेयजल के लिए कुएं और दूरस्थ हैंडपंपों पर निर्भर रहना पड़ता था। गांव की निवासी श्रीमती सुनीता सिदार का जीवन भी इसी संघर्ष का प्रतीक थाए जहां उन्हें प्रतिदिन घंटों कतार में खड़े रहकर पानी लाना पड़ता था और कई बार पर्याप्त पानी भी उपलब्ध नहीं हो पाता था। बरसात के मौसम में स्थिति और अधिक चुनौतीपूर्ण हो जाती थी, जब तालाब और खुले स्रोतों का दूषित पानी उपयोग करने की मजबूरी के कारण परिवार के सदस्य बीमार पड़ जाते थे तथा बच्चों में पेट दर्दए बुखार और त्वचा संबंधी समस्याएं आम थीं। इन परिस्थितियों के बीच जल जीवन मिशन के तहत ग्राम में पाइपलाइन बिछाकर हर घर तक नल कनेक्शन उपलब्ध कराने का कार्य प्रारंभ किया गया, जिसने परिवर्तन की दिशा में निर्णायक भूमिका निभाई।

# अक्षत ने नौसेना अकादमी में हासिल किया अखिल भारतीय 30 वां रैंक



**रायगढ़।** राष्ट्रीय रक्षा अकादमी और नौसेना अकादमी की परीक्षा में सम्मिलित होकर घघोड़ा निवासी अरुणधर दीवान के छोटे भाई प्रेम किशोर मिश्रा और माता अर्चना मिश्रा के बेटे अक्षत किशोर मिश्रा ने देश की सेवा सबसे गौरवशाली अध्याय की ओर पहला कदम बढ़ा दिया है। अक्षत की इस उपलब्धि से रायगढ़ का मान देश में बढ़ा है।

बचपन से होनहार अक्षत की प्रारम्भिक शिक्षा घरघोड़ा के सेंट एन्स हाई स्कूल में पूरी हुई। नर्सरी से कक्षा पाचवी तक की पढाई पूरी करने वाले अक्षत ने अनवरत सभी कक्षाओं प्रथम स्थान हासिल किया। अक्षत की प्रतिभा को देखते हुए पिता प्रेम मिश्रा ने अंबिकापुर सैनिक स्कूल में दाखिले का निर्णय लिया। इस निर्णय में मां की ममता आड़े आ रही थी लेकिन देश सेवा का जज्बा अंततः माता की ममता पर भारी पड़ी। पिता प्रेम के बेटे अक्षत के मन में देश सेवा का बीजारोपण किया वह धीरे धीरे अंकुरित होने लगा और बेटा अक्षत भी अम्बिकापुर स्थित सैन्य स्कूल में दाखिले के लिए मानसिक रूप से तैयार हुआ। प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं होती। कक्षा छठवीं से 12 वीं तक की पढाई सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में करते हुए अक्षत में छात्रों का कुशल प्रतिनिधित्व भी किया। अक्षत राष्ट्रीय रक्षा अकादमी एवं नौ सेना अकादमी परीक्षा में शामिल हुआ और इस परीक्षा ना केवल देश में 30 वा स्थान हासिल किया बल्कि सर्विस सलेक्शन बोर्ड में पूरे भारत वर्ष में सबसे अधिक अंक हासिल कर छत्तीसगढ़ का नाम गौरांवित किया।अक्षत किशोर मिश्रा देश के उन चुनिंदा युवाओं में शामिल है जिसने इस चुनौती को स्वीकार करते हुए सफलता का आसमान हासिल किया। अक्षत की तैयारीए लगन और संकल्प छत्तीस गढ़ के युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है जो माता पिता के सपनों को साकार करना चाहते है। देश की रक्षा से जुड़ी सेवाओं में जाने का निर्णय कोई सामान्य व्यक्ति नहीं ले सकता।

# महुआ शराब कार्रवाई, 5 गिरफ्तार, 62 लीटर शराब जब्त



**रायगढ़।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई कर 62 लीटर से अधिक कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें 2 महिलाएं भी शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार ग्राम पण्डरीपानी में पुलिस ने आरोपी संतराम खड़िया को उसके घर के सामने बाड़ी में महुआ शराब बेचते रंगे हाथ पकड़ा। आरोपी के कब्जे से 15 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई और आबकारी एक्ट की धारा 34,2ए 59,क के तहत मामला दर्ज किया गया। इसी तरह ग्राम लोईंग में पुलिस ने घेराबंदी कर अर्जुन सतनामी को पकड़ा। उसके घर से 10 लीटर महुआ शराब बरामद हुई। बरभौना कुरकुट नदी पुल के पास पुलिस ने भरत सिंह राठिया को गिरफ्तार कर उसके पास से 7 लीटर शराब जब्त की। खरसिया थाना क्षेत्र के जोबी के जवाहर मोहल्ला में पुलिस ने रेड कर बरातो बाई राठिया को अवैध शराब बनाते पकड़ा गया। जूटमिल पुलिस ने काशीराम चौक में संध्या बंजारे के घर छापेमार कार्रवाई करते हुए 10.4 लीटर हाथ भट्ठी की महुआ शराब और 30 प्लास्टिक पाउच बरामद किए।

### ज्वेलर्स को पीतल की अंगूठी देकर ले गए मंगलसूत्र

**प्रतापपुर।** सोने का मंगलसूत्र का लॉकेट खरीदने बहाने युवकों ने ज्वेलर्स दुकान संचालक को चकमा देकर अपने पास रखे पीतल के अंगूठी को सोने का बताया कर मंगलसूत्र लेकर फरार हो गए। दुकान संचालक की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तलाश शुरू कर दी है। नगर के मुख्य मार्ग कदमपारा चौक स्थित प्रियंका ज्वेलर्स में पीतल की अंगूठी के बदले सोने का मंगलसूत्र की ठगी करने का मामला सामने आया है।

# एनटीपीसी लारा की प्रयास से पुसौर क्षेत्र के आंगनवाड़ी केंद्र बन रहे हैं सर्व सुविधा युक्त




**रायगढ़।** बचपन की शिक्षा को मज़बूत प्रदान करने की दिशा में एक सार्थक कदम उठाते हुए, एनटीपीसी लारा ने एक विचारशील सामुदायिक विकास पहल के माध्यम से, परियोजना-प्रभावित गांवों में स्थित आंगनवाड़ी केंद्रों को अपना सहयोग प्रदान किया। यह दिन उत्साह और मुस्कुराहटों से भरा रहा, जब बच्चे स्कूल बैग, पानी की बोतलें और स्टेशनरी का सामान लेने के लिए इकट्ठा हुए; वहीं, केंद्रों में सीखने के माहौल को बेहतर बनाने के लिए नई बैठने की चटाइयां भी उपलब्ध कराई गईं।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती रेखा ठाकुर अध्यक्षा, प्रेरिता महिला समिति के साथ-साथ समिति की वरिष्ठ सदस्यायेँ श्रीमती रूपा सिंघा रॉय, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सभा को संबोधित करते हुए, श्रीमती रेखा ठाकुर ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों की सराहना की और बच्चों के शुरुआती वर्षों में एक मज़बूत शैक्षिक नींव रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने उनके समर्पण की प्रशंसा की और उनसे आग्रह किया कि वे उसी उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ अपना कार्य जारी रखें, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हर बच्चे को जीवन में एक सही शुरुआत मिल सके। इस पहल ने न केवल केंद्रों तक आवश्यक संसाधन पहुंचाए, बल्कि नन्हे मनों के पोषण में सामूहिक प्रयासों के महत्व को भी रेखांकित किया।

## पुसौर के रजिस्ट्री कार्यालय से शासन को 6 करोड़ से अधिक का मिला राजस्व




**पुसौर।** पुसौर में स्थापित रजिस्ट्री कार्यालय से तहसील के किसानों को जमीन रजिस्ट्री के जरिए नामांतरण कराने में जहां सुविधा हासिल हुई है वहीं यह कार्यालय से शासन को राजस्व आय भी अर्जित हो रहा है।

पुसौर रजिस्ट्री कार्यालय पंजीयक से मिली जानकारी के मुताबिक अपने स्थापना दिवस से अब तक रजिस्ट्री संख्या 850 तक पहुंच चुकी है और इस रजिस्ट्री कार्य में शासन के खजाने में 6 करोड से अधिक राशि जमा हुई है। रजिस्ट्री को लेकर पंजीयक ने बताया कि इसमें मुक्तियारनामा, विक्रयपत्र, बटवारा, दान पत्र, पट्टा जैसे प्रकरण शामिल हैं। ज्ञात हो कि पुसौर की रजिस्ट्री कार्यालय अपने स्थापना के कुछ ही महीने में इतनी बड़ी धन राशि शासन के खजाने में जमा कर चुकी है इस आशय से देखा जाए तो इसकी आवश्यकता पिछले कई वर्षो से थी जिसे पूर्व सरकार के लोगों ने इसकी जरूरत महसूस नहीं किया, लेकिन इसे मंत्री ओपी चौधरी ने बखूबी समझा। बताया जाता है कि रजिस्ट्री कार्यालय भवन के निर्माण के लिए पंजीयक एवं तहसीलदार द्वारा स्थल चयन किया जा चुका है और उस भवन के लिए राशि स्वीकृत होकर टेंडर भी हो चुका है। ऐसे में अंदेशा है कि कुछ ही महीनों में नवीन सर्व सुविधायुक्त रजिस्ट्री कार्यालय भवन भी लोगों को मिल सकता है।

# एक शाम महिलाओं के नाम कार्यक्रम के तहत नवधा रामायण समिति का ईनामी कूपन का ड्रॉ किया गया



**सरिया।** नवधा रामायण आयोजन समिति सरिया द्वारा नवधा रामायण के सफल आयोजन हेतु आर्थिक सहायता जुटाने के लिए महिलाओं के नाम पर इनामी कूपन जारी किया गया था। इसका ड्रा 17 अप्रैल को एक शाम महिलाओं के नाम कार्यक्रम के तहत किया गया। इनामी कूपन ड्रॉ के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य डॉ अभिलाषा नायक के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ।

सारंगढ़ बिलाईगढ़ का जिला अंतर्गत तहसील मुख्यालय सरिया में विगत दिनों अखंड नवधा रामायण आयोजन संपन्न हुआ। नवधा रामायण की सफल आयोजन हेतु आर्थिक सहायता जुटाने के लिए महिलाओं के नाम पर कूपन जारी किया गया और इसका 17 अप्रैल शुक्रवार शाम को नगर के विचार मंथन मंच पर ड्रा किया गया। ड्रॉ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य डॉ अभिलाषा कैलाश नायक, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य सरिता मुरारी नायक तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल के आतिथ्य में संपन्न हुआ। कूपन में विभिन्न प्रकार के आकर्षक इनाम रखा गया था। जिसमें महिलाओं के द्वारा खुशियों की उपहार कूपन का पूर्ण पारदर्शिता के साथ ड्रा किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थी ।10 प्रकार के सभी ईनामी कूपन का ड्रा महिलाओं के हाथों किया गया। तत्पश्चात प्रथम द्वितीय एवं तृतीय इनामी ड्रा मंच पर उपस्थित सम्माननीय मुख्य अतिथि डॉ.अभिलाषा नायक जिला पंचायत सदस्य तथा सरिता मुरारी नायक जिला पंचायत सदस्य व कमलेश अग्रवाल नगर पंचायत अध्यक्ष के हाथों संपन्न हुआ। नवधा रामायण समिति का उद्देश्य था कि सभी वर्ग के लोगों को जोड़कर एक सामुदायिक भागीदारी का परिचय देना था। इसके तहत नगर सहित आसपास दूर दराज के गांव तक नवधा रामायण का उपहार से भरा खुशियों का कूपन महिलाओं के द्वारा लिया गया और नवधा रामायण के सफल आयोजन हेतु सहयोग किया गया। शुक्रवार शाम महिलाओं के नाम कार्यक्रम के तहत कूपन का ड्रा किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि डॉ अभिलाषा नायक ने कहा कि सरिया हमेशा से ही सामाजिक, धार्मिक कार्यक्रमों में अग्रणी रहता है।

**न्यायालय तहसीलदार लैलूंगा**
**जिला रायगढ़ ( छ.ग.)**
क्रमांक /क/वाचक / 2026
लैलूंगा दिनांक 13 .04 .2026
रा.प्र.क्र. 20260204100007/अ-21/2026
साकिन खम्हार

**-:-ईश्तहार-:-**

एतद् द्वारा सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण /20260204100007/अ-21/2026में आवेदक अवीर एजुकेशन सोसायटी मालधक्का रोड, रायगढ़ द्वारा अध्यक्ष श्री गुरूपाल सिंह भल्ला पिता अजायब सिंह भल्ला निवासी मालधक्का रोड गांधी गंज के पीछे वार्ड नं. 19 रायगढ़ तहसील लैलूंगा जिला रायगढ़ (छ0ग0) प.ह.नं. 11 में स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 235/1, 235/2, 235/3, 235/5 रकबा 0.640, 0.640, 0.154, 0.486 हे0 भूमि को आवेदक अपने व्यापार विस्तार हेतु रकम की आवश्यकता होने के कारण उक्त भूमि को विक्रय किये जाने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र सहित बी-1 की छायाप्रति प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति कोई उजर / आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 20.04.2026 के पूर्व प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं होगा। आज दिनांक 13.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार लैलूंगा**

**न्यायालय तहसीलदार लैलूंगा**
**जिला रायगढ़ ( छ.ग.)**
क्रमांक / क/वाचक / 2026
लैलूंगा दिनांक 13 .04 .2026
रा.प्र.क्र. 20260204100008/अ-21/2026
साकिन खम्हार

**-:- ईश्तहार-:-**

एतद् द्वारा सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण / 20260204100008/अ-21/2026 में आवेदक श्री गुरूपाल सिंह भल्ला पिता अजायब सिंह भल्ला सी.आई.ओ. अवीर एजुकेशन सोसायटी मालधक्का रोड, गांधी गंज के पीछे वार्ड नं. 19 रायगढ़ तहसील लैलूंगा जिला रायगढ़ (छ0ग0) प.ह.नं. 11 में स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 235/6 रकबा 0.824 हे0 भूमि को आवेदक अपने व्यापार विस्तार हेतु रकम की आवश्यकता होने के कारण उक्त भूमि को विक्रय किये जाने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र सहित बी-1 की छायाप्रति प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति कोई उजर / आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 20.04.2026 के पूर्व प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं होगा। आज दिनांक 13.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार लैलूंगा**

**जिला मराठा समाज बिलासपुर (छ.ग.)**
**कार्यालय - तुलजा भवानी मन्दिर कुदुदण्ड बिलासपुर (छ.ग.)**
**पंजीयन क्रमांक 2644/1972 ( निर्वाचन कार्यालय)**

क्रमांक 01/ निर्वाचन जि.म.स. बिलासपुर/2026 — दिनांक 17/4/2026

**निर्वाचन सूचना**

जिला मराठा समाज बिलासपुर (छ.ग.) के समस्त सम्मानीय सदस्य गण को सूचित किया जाता है कि जिला मराठा बिलासपुर (छ.ग.) का सत्र 2026 से 2029 तक कार्यकाल हेतु चुनाव/ निर्वाचन दिनांक 3/5/2026 दिन रविवार को आई तुलजा भवानी मन्दिर परिसर कुदुदण्ड बिलासपुर (छ.ग.) में सम्पन्न होगा।
**निर्वाचन की कार्यवाही निम्नानुसार की जावेगी**

| क्र. | कार्यक्रम | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | निरंक नामांकन पत्र का वितरण | 18.04.2026 से 19.04.2026 | सायं 7 से 9 बजे तक |
| 2 | नामांकन जमा करने का | 21.04.2026 | सायं 7 से 9 बजे तक |
| 3 | नामांकन पत्रों की जाँच एवं प्रकाशन | 22.04.2026 | सायं 5 से 6 बजे तक |
| 4 | नामांकन पत्रों पर दावा आपत्ति | 22.04.2026 | सायं 6 से 7 बजे तक |
| 5 | आपत्तियों का निराकरण | 22.04.2026 | सायं 7 बजे से 8 बजे तक |
| 6 | नाम वापसी | 23.04.2026 | सायं 7 से 9 बजे तक |
| 7 | नामांकन पत्रों का अन्तिम प्रकाशन एवं चुनाव चिन्ह का आबंटन | 24.04.2026 | सायं 7 से 9 बजे तक |
| 8 | मतदान | 03.05.2026 | प्रात: 8 बजे सायं 5 बजे तक |
| 9 | मतगणना एवं चुनाव परिणाम की घोषणा | 03.05.2026 | मतदान के लगभग 1 घंटे पश्चात मतगणना प्रारंभ |

सम्पूर्ण कार्यक्रम आई तुलजा भवानी मन्दिर परिसर कुदुदण्ड बिलासपुर (छ.ग.) में सम्पन्न होगें।

**मुख्य निर्वाचन अधिकारी**
**जिला मराठा समाज, बिलासपुर (छ.ग.)**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोडों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### ओपी जिंदल विद्यालय का शानदार रहा प्रदर्शन

**रायगढ़।** विद्यालय तराईमाल के छात्र-छात्राओं ने कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। विभिन्न विषयों में विद्यार्थियों ने न केवल उच्च अंक प्राप्त किए, बल्कि कई विषयों में शत-प्रतिषत अंक लाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में चांदनी तिग्गा ने 100 में से 100 अंक प्राप्त कर इतिहास रचा। वहीं हिंदी में विद्या गुप्ता ने 99 अंक, सोषल साइंस में उन्नति प्रधान ने 98 अंक और संस्कृत में सत्यम प्रजापत व मनप्रीत सिंदुरिया ने 96.96 अंक हासिल किए। अंग्रेजी विषय में आन्या सिंह और रौनक रंजन ने 93.93 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान प्राप्त किया। सोनाली प्रधान ने गणित में 92 और विज्ञान में 91 अंक प्राप्त कर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया है। अभिभावकों ने भी स्कूल के शैक्षणिक वातावरण और शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## कृषि विभाग की जांच में सामने आई कई तरह की खामियां

# खरीफ सीजन चालू होने से पहले जिले में शुरू हो गया अवैध खाद भंडारण

- 27 निजी, 7 सहकारी उर्वरक भंडार एवं विक्रय केंद्रों की जांच
- 20 केंद्रों में अनियमितता, 2 केंद्रों से 14.225 एमटी खाद जब्त, 18 को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खरीफ सीजन चालू होने से पहले ही जिले में खाद के अवैध भंडारण और अन्य अनियमितताएं सामने आने लगी है। इसका खुलासा कृषि विभाग द्वारा की गई जांच में हुआ है। विभाग की ओर से अप्रैल में अब तक जिले के 27 निजी, 7 सहकारी उर्वरक भंडारण एवं विक्रय केंद्रों की जांच की गई है।

इस दौरान 20 केंद्रों में विभिन्न प्रकार की अनियमितताएं पाई गईं। जिनमें अभिलेखों का सही संधारण न होना, मूल्य सूची का प्रदर्शन न करना तथा भौतिक स्टॉक और पीओएस पॉइंट ऑफ सेल स्टॉक में अंतर जैसी गंभीर खामियां शामिल हैं। इन अनियमितताओं के आधार पर विभाग द्वारा कड़ी कार्रवाई करते हुए 2 केंद्रों से 14.225 एमटी खाद जब्त किया गया है। 18 केंद्रों को



जांच करने पहुंची टीम।

कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। तमनार क्षेत्र में 16 अप्रैल को घरघोड़ा स्थित एक गोदाम में अवैध उर्वरक भंडारण की सूचना प्राप्त हुई। सूचना के आधार पर उर्वरक निरीक्षक उदित नारायण नगाईच द्वारा मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान गोदाम में भारी मात्रा में उर्वरक पाया गया, जिसे गोयल बीज भंडार, घरघोड़ा के प्रोपराइटर संजय कुमार गोयल द्वारा स्वयं का बताया गया। हालांकि निरीक्षण के दौरान संबंधित द्वारा उर्वरक भंडारण एवं विक्रय से संबंधित कोई वैध दस्तावेज अथवा अनुज्ञा प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया जा सका। इस पर उर्वरक अकार्बनिक कार्बनिक या मिश्रित नियंत्रण आदेश, 1985 के प्रावधानों के अंतर्गत सख्त कार्रवाई करते हुए 90 बोरी नीम कोटेड यूरिया एवं 230 बोरी एसएसपी पाउडर जब्त किया गया। साथ ही उक्त उर्वरक को आगामी आदेश तक विक्रय के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। विक्रेता की उर्वरक अनुज्ञप्ति को निलंबित करने के लिए अनुज्ञप्ति अधिकारी एवं उप संचालक कृषि को अनुशंसा की गई है।

### न बिल ना स्टॉक का संधारण

इसी तरह धरमजयगढ़ ब्लॉक में 7 अप्रैल को किसान कृषि केन्द्र अलोला के विक्रय स्थल एवं भंडारण कक्ष का निरीक्षण उर्वरक निरीक्षक राम कुमार पटेल द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि केंद्र में स्कंध वितरण पंजी एवं बिल बुक का विधिवत संधारण नहीं किया जा रहा था। इस पर संबंधित संस्था को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया था। प्राप्त जवाब के परीक्षण में यह सामने आया कि संस्था द्वारा केवल नीम कोटेड यूरिया के वितरण का ही रिकॉर्ड प्रस्तुत किया गया, जबकि वित्तीय वर्ष 2026-27 में 1 अप्रैल से 12 अप्रैल के बीच 4.8 मीट्रिक टन आईपीएल कंपनी का आयातित डीएपी उर्वरक भी वितरित किया गया था, जिसकी जानकारी जानबूझकर छुपाई गई। इस गंभीर अनियमितता को देखते हुए उर्वरक निरीक्षक द्वारा केंद्र के भंडारण कक्ष में रखे समस्त उर्वरक के विक्रय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया गया।

## जनगणना के लिए कलेक्टर ने स्वयं भरा ऑनलाइन फॉर्म, दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जनगणना 2027 के अंतर्गत जिले में स्व गणना की प्रक्रिया की शुरुआत हो चुकी है। पहले दिन कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी मयंक चतुर्वेदी ने स्वयं ऑनलाइन स्व गणना फॉर्म भरकर जिले के नागरिकों को प्रेरित किया।



उन्होंने जिले के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे इस डिजिटल प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए अपने परिवार एवं मकान से संबंधित सही एवं पूर्ण जानकारी ऑनलाइन दर्ज करें तथा इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को सफल बनाने में सहयोग करें। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यह प्रक्रिया 30 अप्रैल तक संचालित की जा रही है। इच्छुक नागरिक आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से घर बैठे आसानी से स्व गणना फॉर्म भर सकते हैं। कलेक्टर के निर्देश पर अपर कलेक्टर अपूर्व प्रियेश टोप्पो, रवि राही, डॉ. प्रियंका वर्मा, संयुक्त कलेक्टर राकेश गोलछा एवं श्रीमती पूजा बंसल सहित अन्य अधिकारियों ने भी स्वयं ऑनलाइन स्व गणना फॉर्म भरा। अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी ने बताया कि स्व गणना की सुविधा 30 अप्रैल तक प्रतिदिन सुबह 6 बजे से रात 12 बजे तक उपलब्ध रहेगी। फॉर्म भरते समय जानकारी को अंतिम सबमिट करने से पहले संशोधित किया जा सकता है, किन्तु सबमिट करने के पश्चात उसमें कोई परिवर्तन संभव नहीं होगा। फॉर्म भरने के उपरांत प्रत्येक परिवार को एक विशिष्ट स्व गणना आईडी प्राप्त होगी, जिसे सुरक्षित रखना अनिवार्य है। प्रगणक के घर आगमन के समय यह आईडी साझा करनी होगी।







## उत्तम इंटरनेशनल स्कूल को मिली सीबीएसई दिल्ली बोर्ड से मान्यता



**रायगढ़।** उत्तम इंटरनेशनल स्कूल पटेलपाली को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से आधिकारिक मान्यता प्राप्त हुई। इस उपलब्धि ने न केवल विद्यालय परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र में गर्व और उत्साह का वातावरण बना दिया है। यह मान्यता विद्यालय द्वारा किए जा रहे निरंतर प्रयास उत्कृष्ट शैक्षणिक दृष्टिकोण और आधुनिक शिक्षा प्रणाली को अपनाने की प्रतिबद्धता का परिणाम है।

बोर्ड द्वारा निर्धारित कठोर मानकों उच्च स्तरीय आधारभूत संरचना, स्मार्ट क्लासरूम, आधुनिक समृद्ध एवं सुसज्जित साइंस, मैथ्स, कंपोजिट एवं कंप्यूटर प्रयोगशालाएं, समृद्ध पुस्तकालय, छात्रों हेतु लिफ्ट सुविधा, अनुभवी एवं प्रशिक्षित शिक्षकों की टीम, तथा छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु अनुकूल वातावरण को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के पश्चात यह स्वीकृति प्रदान की गई है। उत्तम एजुकेशन ग्रुप के चेयरमेन गौतम चौधरी ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा मान्यता प्राप्त करना हमारे लिए केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि एक नई जिम्मेदारी भी है। हम छात्रों को राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं।

### अग्निवीर भर्ती के लिए 4 मई से 4 जून तक दी जाएगी ट्रेनिंग

**रायगढ़।** अग्निवीर भर्ती 2026 के अंतर्गत लिखित परीक्षा की तैयारी हेतु निःशुल्क कोचिंग के लिए पंजीयन प्रक्रिया जारी है। इच्छुक अभ्यर्थी 30 अप्रैल 2026 तक रोजगार विभाग के पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। भारतीय सेना द्वारा अग्निवीर भर्ती 2026 की अधिसूचना 13 फरवरी 2026 को जारी की गई थी, जो आधिकारिक वेबसाइट उपलब्ध है। इस भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत पंजीकृत अभ्यर्थियों को रोजगार विभाग द्वारा लिखित परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग सुविधा प्रदान की जाएगी। यह प्रशिक्षण 4 मई से 4 जून 2026 तक संचालित किया जाएगा।







